# DOON VALLEY OFFICERS COOPERATIVE HOUSING SOCIETY LIMITED

(Regd. under Co-oprative Societies Act II of 1912, Regd. No. 723 dated 7-6-1966)

VASANT VIHAR, CHAKRATA ROAD,
DEHRADUN - 248006 ☎ : 0135-2765957
email : dvochsl@outlook.com

Ref. No. 0578 /DVOCHSL/ Dated: 05 अक्टूबर'2021

## समिति की सामान्य निकाय की वार्षिक सामान्य बैठक दिनांक 19 सितम्बर 2021 की कार्यवाही का विवरण

1. समिति की सामान्य निकाय की वार्षिक सामान्य बैठक 19 सितम्बर 2021 प्रातः 10:30 बजे आहूत की गई। बैठक में कुल 35 सदस्यों में से 26 सदस्य उपस्थित हैं। अतः गणपूर्ति पूर्ण है।
2. सभापति महोदय ने सर्वप्रथम उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति चाही। सभापति ने सदस्यों को बताया पिछली बैठक के बाद समिति के 27 सदस्यों का देहावासन हो चुका है। इस पर सभी सदस्यों ने खड़े हो कर दो मिनट हो कर दो मिनट का मौन धारण करते हुए दिवंगत सदस्यों की आत्मा की शान्ति की कामना की।

प्रस्ताव संख्या 1 :–

3. इसके पश्चात् सभापति महोदय ने समिति ने समिति के सचिव महोदय से दिनांक 20 सितम्बर 2020 की बैठक की कार्यवाही को पढ़ने का अनुरोध किया। कार्यवाही पढ़े जाने के पश्चात् दिनांक 20 सितम्बर 2020 की कार्यवाही की पुष्टि का प्रस्ताव ब्रिगेडियर जे0 एस0 रावत द्वारा रखा गया जिसका अनुमोदन ले, जनरल जी0 एस0 नेगी द्वारा किये जाने पर सर्व समिति से दिनांक 20 सितम्बर 2020 की कार्यवाही की पुष्टि की गई।

प्रस्ताव संख्या 2 :–

सभापति महोदय ने पिछले वित्तीय वर्ष में हुए निमार्ण कार्य तथा अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने निम्न के बारे में सदस्यों से विस्तार से चर्चा की :–

**Revenue Expenses :–**

(i) **Society Maintenace Charges (SMC)** – एक साल पहले करीब 252 सदस्यों ने SMC नहीं दिया था। अथक प्रयास से 220 मेम्बर्स से रू0 3,10,061=00 SMC वसूल किया गया। अब भी 32 मेम्बर्स से वसूलना बाकी है। देय **SMC** पर 20% का दण्ड नियमानुसार लगाया जा रहा है।

(ii) **Society Development Charges (SDC)** –

(a) अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक 7 प्लाट ट्रांसफर हुए है। जिनसे हमें रू0 1,51,02,386=00 प्राप्त हुये हैं।

(b) अप्रैल 21 से जुलाई 21 तक 3 प्लाट ट्रांसफर हुए हैं। इनसे हमे रू0 31,31,779=00 प्राप्त हुए हैं।

(iii) **Rent Shop** –

(a) अप्रैल 20 से मार्च 21 रू0 2,24,950=00

(b) अप्रैल 21 से जुलाई 21 रू0 40,988=00

कुल राशि 2,65,938=00 प्राप्त हये।

(iv) **Interest on FDs** –

अप्रैल 2020 से मार्च 2021 तक **FD** पर कुल रू0 46,29,238=00 ब्याज **TDS** कटौती के पश्चात् प्राप्त हुये।

**Development Work:-**

सभापति ने बताया कि **COVID-19** की वजह से कर्फ्यू लगने के कारण कार्य करने में बाधा उत्पन्न हुई। फिर भी निम्न कार्य किये गयें :–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Boundary wall & Fence Society Office Compound – | Rs. 93,800 = 00 |
| (ii) | Laying of inter locking tile work in Society office compound – | Rs. 88,500=00 |
| (iii) | Supply of building material for (i) & (ii) above – | Rs. 84,000=00 |
| (iv) | Parking outside Society office – | Rs. 1,11,500=00 |
| (v) | Park No. 10 – Boundary wall – | Rs. 7,94,000=00 |
| (vi) | Fencing on Chakrata Road – | Rs 8,45,000=00 |
| (vii) | Park No. 11 (Shahid Park) – | Rs 5,32,000=00 |
| | Total Amount – | Rs. 25,48,800=00 |

हरा कूड़ा अभी तक 15 दिन में एक बार उठता है अब हम इसे हर हफ्ते उठाने के लिए कुल दो, चार पहिये वाहन किराये पर ले रहें है इंससे सोसाइटी क्षेत्र में गन्दगी नहीं दिखेगी। Twice in a week

सभापति महोदय ने बताया कि बुद्ववार की मीटिंग **Community Center** में हर बुद्ववार को पहले की भांति हो रही है।

सभापति महोदय ने बताया कि श्री ललित जोशी समिति कार्यलय में सहायक (**Peon**) का कार्य कर रहे थे। उनके द्वारा कुछ असंविधानिक कार्य किये जा रहे थे। अनुशासत्मक कार्यवाही से बचने के लिए उन्होने त्यागपत्र दें दिया। अब वह समिति कार्यालय से कार्य मुक्त हो चुके हैं।

इसके बाद सभापति महोदय ने सभी **COM** के सदस्यों, डेलीगेट्स, कार्यालय के स्टाफ व दैनिक वेतन भोगियों का आभार प्रकट किया कि सभी लोगों ने कोविड–19 के समय व अन्य समय में पूरा सहयोग दिया। सोसाइटी को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में इन सबका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

इसके पश्चात् सभापति महोदय ने श्री अतुल कृष्णा को बजट के बारे में सदस्यों को विस्तार से बताने का आग्रह किया। बजट पेपर्स को सदस्यों को पहले ही भेजा जा चुका है। सभापति महोदय ने सदस्यों से पूछा कि किसी को कोई आपति या सुझाव है।

इसके पश्चात् ड़ेलीगेटस ने अपने विचार रखेः–

1. श्री पी0 के0 शर्मा ने सुझाव दिया कि ड़ेलीगेट की मीटिग 6 महीने में एक बार होनी चाहिए। इस मीटिंग में बताना चाहिये कि कितना कार्य और खर्च हो रहा है। उन्होंने जानना चहा कि बहुत से कार्य पूरे क्यों नहीं हुए इस पर सभापति ने बताया कि कोविड़–19 के कारण कर्फ्यू लगा था जिससे कार्य में बाधा हुई। श्री पी0 के0 शर्मा ने सुझाव दिया कि **Development Fund** व **Maintenance Fund** को अलग अलग रखा जाय व बजट में अन्य अनुसांगिक खर्चो के लिए प्रावधान रखा जाय। **COM** को कोई अधिकार नहीं है कि जिस कार्य के लिए बजट मे राशि नहीं है उस पर खर्च किया जाय। यह सहमति बनी कि अन्य किस्म के खर्चों के लिए रू 12 लाख बजट में **COM** के अनुमोदन के पश्चात् विभिन्न अनुसांगिक रखा जाय। तदानुसार बजट में संशोधन कर दिया जाये।
2. श्री आदित्य कुमार ने जानना चाहा कि **FRI Gate** से विवके गुप्ता चौक तक टाइल्स लगाने का कार्य क्यों नही हो रहा है जबकि तीन साल से यह कार्य **AGM** में रखा जा रहा है और बजट में भी प्रावधान कर रहे हैं। सभापति महोदय ने बताया कि रोड़ के दोनो तरफ टाइल्स लगाने के पूरे कार्य पर लगभग रू0 1 करोड़ लग रहे है। यदि सभी सदस्य चाहते हैं तो इस कार्य को कर सकते हैं। अन्त में यह निर्णय लिया गया कि पहले विवेक गुप्ता चौक से मन्दिर तक बांयी तरफ **Walking Track** बना दिया जाय एवं **FRI Main Gate** से मन्दिर तक बने **Walking Track** की मरम्मत की जाय और क्षेत्र को सुन्दर बनाया जाय।
3. श्री आदित्य कुमार ने सवाल किया कि हम **FD** बनाते जा रहे हैं और **Development** कार्यो पर खर्च नहीं हो रहा है। ले0 ज0 (रि0) वाई0 एस0 तोमर ने जवाब में कहा कि **FD** पर **Interest Rate** बहुत कम हो गया और भविष्य में भी कम हो सकता है। हमारी सोसाइटी को न तो सरकार से या अन्य स्त्रोतों से कोई **Income** नहीं है। हमारी **Society Fund** में कम से कम रू0 12 कारोड़ **FD** में रहना बहुत जरूरी है इस सन्दर्भ में **COM** एक सुविचारित निर्णय ले आड़िट की मद में रू0 30,000=00 रखा जाये। सदस्यों से मासिक शुल्क भी रू0 200/– है। इस राशि में समिति क्षेत्र को स्वच्छ व सुन्दर रखना व सुरक्षा व्यवस्था करना मुश्किल है। मासिक शुल्क से प्राप्त राशि लगभग रू0 1.5 लाख है, और औसतन मासिक व्यय रू0 4 लाख है इसलिए उन्होने सुझाव दिया कि 01 अप्रैल 2022 से शुल्क प्रति घर रू0 300/– कर दिया जाय। इस बारे में मतगणना करायी गई और सभी सदस्यों ने हाथ उठाकर शुल्क 01 अप्रैल 2022 रू0 200/– से रू0 300/– करने पर सहमति बनायी। तदानुसार प्राप्ति में संसोधन कर दिया गया।

प्रास्तव संख्या 3 :–

चूँकि संतुलन पत्र (**Balance Sheet**) सदस्यों को पहले ही भेजा गया है अतः सभापति महोदय ने सदस्यों से पूछा कि संतुलन पंत्र मे किसी सदस्य को कोई शंका है? किसी भी सदस्य द्वारा कोई आपत्ति न होने पर ले0 जन0 (रि0) जी0 एस0 नेगी द्वारा बजट व संतुलन पत्र पास करने का प्रास्ताव रखा गया जिसका कर्नल (रि0) एस0 बी0 एस0 थापा द्वारा अनुमोदन किया गया।

4. ब्रिगेड़ियर जे0 एस0 रावत ने सुझाव दिया कि समिति क्षेत्र में लगे गेट बहुत ही निम्न क्वालिटी के हैं। जो कि सोसाइट्री के साख के अनुरूप नही हैं। मुख्य द्वार के गेटों को **IMA** व **FRI** गेटों की तरह बनाया जाय।
5. ले0 जन0 (रि0) वाई0 एस0 तोमर ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड़ राज्य बनने के पश्चात् **U.P.** सरकार द्वारा हमारी सोसाइटी को उत्तराखण्ड़ राज्य हस्तान्तरित किया गया पर सोसाइटी रोड़ को नगर निगम या **MDDA/PWD** को हस्तारित नहीं हुए हैं।
6. सभापति महोदय ने मैसर्स गोयल पारूल एण्ड कम्पनी को वर्ष 2021 से तीन वर्ष के लिए लेखा परीक्षक के रूप में नियुक्ति का सुझाव रखा। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कम्पनी को इस वर्ष प्रोफेशनल फीस रू0 15,000/– + **GST** दिये गये हैं। इसका सदन द्वारा अनुमोदन किया गया।
7. अनिवासी सदस्यों के बारे में संक्षिप्त चर्चा के बाद अनिवासी सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटाने का निर्णय लिया गया ।
8. सभापति महोदय ने सभी को सूचित किया कि 2011, से अब तक सोसाइटी की मतदाता सूची में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अगले चुनाव जो दिसम्बर 2021 में होने हैं, उसी रोल के आधार पर होंगे, जिसका सदन द्वारा अनुमोदन किया गया।
9. कर्नल (रि0) पी0 एस0 बिष्ट ने सदस्यों का ध्यान फेज – 2 सेमल पेड़ एरिया के पास में गड्ढों की ओर आकर्षित किया। सभापति महोदय ने बताया कि इस रोड़ को समिति द्वारा रिपेयर कर दिया जायेगा। उन्होंने ब्रिगे0 शुक्ला से अनुरोध किया कि इस स्थान पर निरीक्षण करने के पश्चात इन्जीनियर को आवश्यक निर्देश दें।
10. डॉ0 शशि प्रभा सेमवाल ने बताया कि श्री गुरू राम राय स्कूल के बच्चे व अभिभावक क्षेत्र की सड़कों पर तेजी से वाहन चलाते हैं जिससे कभी भी दुर्घटना का भय रहता है। इन सड़कों पर **Speed Breakers** बनवायें जाय व वाहन पार्किंग का स्थल निश्चित किया जाय।

अन्त में ले0 जन0 (रि0) वाई0 एस0 तोमर ने सदस्यों को बताया कि वे पिछले 35 वर्षों से सोसाइटी के कार्य कलापों से जुड़े हैं और अब पूर्ण आराम करना चाहते हैं, फिर भी किसी भी समय समिति में कोई भी कार्य है तो वे स्वेच्छा से मदद करेंगे। उन्होंने सभी सदस्यों को उनके कार्यकाल में पूर्ण सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सभी सदस्यों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनके कार्यों की सराहना करी।

अन्य कोई मद न होने के कारण सभा को समाप्त किया गया।

**Secretary** **Chairman**